वुमन ऑफ माय बीइंग इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में

हाल ही में लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल (एलआईएफएफ) ने अपने ओपनिंग नाइट गाला में वॉम्ब (वुमन ऑफ माय बींग) नामक डाक्यूमेंट्री फिल्म के साथ अपनी स्क्रीनिंग का प्रीमियर किया। इस डोक्युमेंट्री फिल्म ने वहां मौजूद सभी सिनेप्रेमियों के दिल और दिमाग को छुआ। यह पाथ ब्रेकिंग फिल्म अब एक बार फिर आधिकारिक तौर पर इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न के 12वें संस्करण में इस साल की ओपनिंग फिल्म के रूप में नेतृत्व करने के लिए तैयार है। इस वर्ष यह फेस्टिवल फिजिकल और वर्चुअल दोनों रूप में अगस्त में होगा। 12 अगस्त को दिखाई जाने वाली यह डाक्यूमेंट्री फीचर फिल्म निर्देशक अजितेश शर्मा द्वारा निर्देशित सृष्टि बख्शी नाम की एक युवा महिला की कहानी है, जो दक्षिण में कन्याकुमारी से उत्तर में कश्मीर तक, 240 दिनों में लगभग 4000 किमी पैदल चलकर एक अति महान यात्रा पर निकलती है। यह आज के भारत की महिलाओं के सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों की खोज करने वाली एक मार्मिक और दिल को छूने वाली डाक्यूमेंट्री है।